माधोपुर पैक्स में पहले दिन 75 क्वींटल की खरीद

● जिला सहकारिता पदाधिकारी ने किया शुभारंभ ● सरकारी समर्थन मूल्य पर धान बेचें किसान ● 31 मार्च 2027 तक चलेगी अधिप्राप्ति प्रक्रिया

मझौलिया (पश्चिम चंपारण)। मझौलिया प्रखंड में धान की सरकारी खरीद का बिगुल बज गया है। बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत एक नवंबर से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसकी शुरुआत माधोपुर पैक्स से हुई, जहां पश्चिम चंपारण के जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने विधिवत धान खरीद का शुभारंभ किया। पहले ही दिन 75 क्विंटल धान की खरीदारी की गई, जिससे किसानों में सरकारी खरीद को लेकर उम्मीद जगी है। धान की गुणवत्ता जांच के दौरान नमी की मात्रा 13 प्रतिशत पाई गई।

इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने मौजूद किसानों से धान की पैदावार, खरीद प्रक्रिया और अन्य आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली। उन्होंने किसानों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया 31 मार्च 2027 तक चलेगी तथा धान की खरीद के लिए मिलर से टैगिंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, मौके पर उपस्थित सहायक निबंधक, बेतिया, सुरेंद्र अमरनाथ ने किसानों को बिचौलियों के चंगुल में नहीं फंसने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज बिहार सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही बेचें और किसी भी तरह के प्रलोभन से बचें। सरकारी व्यवस्था का लाभ उठाकर किसान अपनी मेहनत की उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर माधोपुर पैक्स अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार सिंह, प्रबंधक अवध किशोर सिंह, कल्याण सिंह, संजय सिंह, भूलन पासवान, करीमन महतो, बहादुर महतो, अनवत दास, मदन दास सहित अवध किशोर सिंह, राजीव कुमार सिंह, राजिंदर सिंह, युगल किशोर सिंह, राजकिशोर शर्मा, शत्रुघ्न महतो एवं महंत राजमन गोस्वामी समेत कई किसान उपस्थित रहे।

खड़े बोलेरो में ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, अबोध बच्ची की मौत

लौरिया (संवाद सूत्र)। एन एच 727 लौरिया बगहा मुख्य सड़क स्थित कर्पूरी आश्रम के समीप मुख्य सड़क पर खड़े बोलेरो में ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे ई रिक्शा सवार पांच वर्षीय अबोध बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।मृतका की पहचान बथुवरिया थाना क्षेत्र के पिपरा भठैया निवासी रौशन शुक्ला की पांच वर्षीय पुत्री राजनंदिनी के रूप में हुई ।वहीं घायलों में इसी गांव के शिवसागर शुक्ला के 50 वर्षीय पुत्र राजेश शुक्ला, तथा राजेश शुक्ला की 45 वर्षीय पत्नी रिता देवी एवं राजेश शुक्ला की 18 वर्षीय बेटी रुची कुमारी घायल हो गए ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को लौरिया सीएचसी पहुंचाया जहां पर डाक्टर दरोगा प्रसाद ने राजनंदिनी को मृत घोषित कर दिया ।

छठव्रतियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि : उपमहापौर

नगर निगम क्षेत्र के 70 छठ घाट चिन्हित, सभी घाटों की लगातार की जा रही निगरानी

बेतिया। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम बेतिया द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 08 स्थित उतरवारी पोखरा छठ घाट एवं वार्ड 23 स्थित सागर पोखरा का निरीक्षण बेतिया की उप महापौर श्रीमती गायत्री देवी ने किया। निरीक्षण के दौरान माननीय पार्षद श्री कुणाल जी, नगर आयुक्त, नगर निगम के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं छठ पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं छठव्रतियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप महापौर श्रीमती गायत्री देवी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी छठ घाटों की लगातार निगरानी की जा रही है। नगर निगम अंतर्गत कुल 70 छठ घाट चिन्हित किए गए हैं, जहां छठव्रती माताएं-बहनें लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाएंगी। सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा, 'मैं स्वयं एक छठव्रती हूं और छठ महापर्व की आस्था एवं श्रद्धालुओं की भावनाओं को भली-भांति समझती हूं। छठ पूजा एवं छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं को मिलने वाली किसी भी प्रकार की सुविधा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी चिन्हित छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था समय रहते पूरी की जाए, ताकि छठव्रती माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वोट के अधिकार पर हमले के खिलाफ संयुक्त धरना

नौतन। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, चुनाव आयुक्तों को मुकदमे से संरक्षण देने वाले कानून की वापसी तथा एसआईआर रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को शहीद स्मारक, बेतिया में लोक संघर्ष समिति और नागरिक समाज बेतिया के संयुक्त तत्वावधान में धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने

चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण देने वाले कानून की वापसी और एसआईआर रद्द करने की मांग

कहा कि वोट का अधिकार भूमि, शिक्षा और बेहतर इलाज जैसे बुनियादी अधिकारों की लड़ाई का आधार है। इसी अधिकार पर हो रहे हमले के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जा रहा है। वक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और मताधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम को जेपी सेनानी लक्ष्मण गुप्त, संत राम, फूलकली देवी, सिंगासन राम, साजिद शम्स (अधिवक्ता), लालबाबू राम, घेघी राम, पिंकी कुमारी, बालदेव राम और शची देवी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

चोरी की बाइक के साथ दो धराये

नौतन। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दक्षिण तेल्हुआ पोखरा चौक से एक चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पकड़ा है। पकड़े गए दोनों दक्षिण तेल्हुआ गांव के आदित्य कुमार व रौनक कुमार बताये गये है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली की दो विधी निरूद्ध बालक पोखरा चौक पर चोरी की बाइक की खरीद बिक्री करने के लिए खड़े हैं ।सुचना के आलोक में छापेमारी कर बाइक के साथ दोनों चोरों को पकड़ लिया गया। पुछताछ के बाद थाने में कांड संख्या 533/ 26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

नये पर्यटन सत्र शुरू होने के बाद भी कॉलेश्वर झूला पर्यटकों के लिए उपलब्ध नहीं

विभागीय राजस्व की हो रही क्षति, लगभग एक वर्ष से है बंद, मेंटेनेंस वर्क नहीं हो सका

वाल्मीकिनगर (पचं)। बिहार का कश्मीर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र में हर रोज भारी संख्या में देशी विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है। इको पार्क से लगभग 400 मीटर की दूरी पर स्थित कालेश्वर झूला पर रोमांच का अनुभव करते हैं। झूला एक तरीके से कहे तो रोपवे है ।

जिस पर घूमना पर्यटकों को काफी पसंद होता है। परन्तु लगभग एक वर्ष पूर्व इस झूला को मेंटेनेंस के लिए विभाग द्वारा बंद कर दिया गया था। तब से अब तक यह झूला पुल बिल्कुल उपेक्षित पड़ा है। जिससे लाखों रुपये की विभागीय राजस्व की क्षति हुई है झूला के समीप गंदगी का अंबार लगा हुआ है। किसी वनकर्मी की तैनाती नहीं है बेतरतीब झारियां उगी हुई है। इसके पूर्व कौलेश्वर झूला के पास वनकर्मी की तैनाती की गई थी झूला पर घूमने के लिए पर्यटकों से विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाता



था। जिससे विभागीय राजस्व में वृद्धि होती थी। किंतु झूला बंद होने के कारण पर्यटक निराशा महसूस कर रहे हैं। इस बाबत नेपाल के बुटवल से परिवार के साथ आए अरुण कानू ने बताया कि मैं कई बार आ चुका हर बार कॉलेश्वर झूला बंद मिला है। जिससे निराशा होती है। झूला पर घूमने की लालसा लेकर आते हैं, किंतु निराशा मिलती है। वहीं गोरखपुर से आए राजेश्वर दीक्षित और उनके परिवार ने बताया कि कौलेश्वर झूला के बारे में पूर्व में आए उनके साथियों ने बताया था। वह भी कॉलेश्वर झूला का रोमांच महसूस करना चाहते थे। किंतु झूला बंद मिलने से निराशा हुई है ।विदित हो कि पर्यटक टाइगर रिजर्व में पहुंचकर जंगल सफारी करने की चाहत रखते हैं ।इसके अलावा वाल्मीकिनगर के दर्शनीय और खूबसूरत जगहों में इको पार्क बंबू हट, ट्री हट, कॉलेश्वर झूला, के अलावा वन क्षेत्र में प्राचीन काल से स्थापित आस्था के मंदिर कालेश्वर मंदिर, जटाशंकर मंदिर, नर देवी मंदिर के अलावा भारत नेपाल सीमा पर स्थित वाल्मीकि आश्रम के दर्शन करते हैं। जंगल सफारी ,इको पार्क और कौलेश्वर झूला, राफ्टिंग आदि से विभाग को राजस्व की प्राप्ति होती है।

सामूहिक प्रयास से ही खत्म होगी नशे की समस्या : राकेश

बेतिया। नशा सभी बुराइयों की जड़ है। खराब संगत और परिस्थितियों के प्रभाव में आकर लोग धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। शुरुआत में उन्हें लगता है कि नशे में ही जिंदगी का असली आनंद है, लेकिन धीरे-धीरे यही लत उनके जीवन, परिवार और भविष्य के लिए बड़ी सजा बन जाती है। इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी बेहद जरूरी है। जब समाज एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होगा, तभी नशे की समस्या को प्रभावी ढंग से दूर किया जा सकेगा। उक्त बातें जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने भितिहरवा गांधी आश्रम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कहीं। वे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं एवं आश्रम में उपस्थित पर्यटकों को संबोधित कर रहे थे। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं को गायन, वादन एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को केंद्र के प्रशिक्षुओं के लिए हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से जिले के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के भ्रमण के साथ-साथ आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

इस हेरिटेज वॉक में 50 से अधिक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जागरूकता यात्रा की शुरुआत लौरिया स्थित ऐतिहासिक नंदनगढ़ से हुई। यहां प्रशिक्षुओं ने ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया और इसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। इसके बाद जागरूकता दल ने लौरिया स्थित अशोक स्तंभ का भ्रमण किया और फिर ऐतिहासिक भितिहरवा गांधी आश्रम पहुंचा। यहां मझौलिया डिग्री कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद दानिश ने चंपारण में महात्मा गांधी के आंदोलन तथा भितिहरवा आश्रम के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

मोबाइल मेडिकल यूनिट कैम्प में जांचोपरांत नि:शुल्क दवा का वितरण

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकिनगर स्थित टंकी बाजार पंचायत



भवन परिसर में शुक्रवार को राज्य आयुष समिति बिहार के तत्वाधान में जिला संयुक्त औषधालय बेतिया के द्वारा पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम मोबाइल मेडिकल यूनिट एम एम यू का आयोजन पंचायत भवन और चरघरिया गांव में किया गया ।इस शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया पन्नालाल साह, डॉक्टर विनय कुमार ,डॉक्टर धीरज कुमार, डॉक्टर श्वेता कुमारी, डॉक्टर मोहम्मद वफ़ाउर रहमान के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी की दवा स्वास्थ्य जांच के उपरांत निशुल्क वितरण किया गया। उपस्थित लोगों के परिवार के स्वास्थ्य हेतु प्रत्येक परिवार को आयुष मेडिसिन किट का वितरण भी किया गया।नोडल पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने बताया कि शनिवार 31 अगस्त को लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव और ठाड़ी में निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल कैंप में डॉक्टर सइदुर रहमान, डॉ मोहम्मद मोतिउर रहमान, डॉ इम्तियाज आलम, डॉक्टर शबाना मासूम ,डॉ संजय कुमार सिंह प्रमोद कुमार सतीश राम अवधेश प्रसाद नंदन कुमार के अलावा ग्रामीणों में जमुना शाह विनोद कुमार वासुदेव शाह के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

बाल शोषण के खिलाफ नुक्कड़ नाटक और प्रभात फेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

नौतन। बाल विवाह और बाल शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बच्चों एवं आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कमल साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। शनिवार को 'जागरूक बचपन, सशक्त भारत' विषय पर निर्धारित कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा जागरूकता को लेकर नाटक का मंचन किया गया। इस बीच बाल विवाह और बाल शोषण के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने पर विशेष चर्चा हुई। नुक्कड़ नाटक और प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि बच्चों का बचपन सुरक्षित रखना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुपमा कुमारी वरीय शिक्षक मोहम्मद अरसी आजम नंद किशोर प्रसाद यादव, कौशलेन्द्र राम, अजय कुमार, शारदा कुमारी, संतोष कुमार, रत्नेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार, अनिल कुमार, पूजा वर्णवाल, प्रियंका कुमारी, शशिभूषण प्रसाद ,सुजीत द्विवेदी,मयूरेश द्विवेदी,सुमन कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। संदेश- बाल विवाह और बाल शोषण मुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के साथ अपना बचपन जीने का अवसर।

चिउटाहा व सेमरा थाना में धूमधाम से मनी सरदार पटेल की जयंती

बगहा (आससे) ।स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय थानों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया ।तथा प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से एकता अखंडता की शपथ ली गई। स्कूली बच्चों और जनप्रतिनिधियों संग मना कार्यक्रम चिउटाहा थाना परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने की। इस कार्यक्रम में बैरागी सोनवर्षा के मुखिया सूरज सिंह ,सरपंच राजू जयसवाल,और



स्थानीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार और मुखिया सूरज सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उपस्थित स्कूली बच्चों को सरदार पटेल के जीवन-संघर्ष और देश के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान के बारे में विस्तार से बताया।

निजी कंपनी संभालेगी नगर पंचायत की सफाई कार्य

सर्जिकल सोसाइटी एंड कंसल्टेंसी को सफाई की नयी जिम्मेवारी

लौरिया (संवाद सूत्र)। नगर पंचायत में साफ-सफाई की जिम्मेदारी अब निजी कंपनी संभाले ।सर्जीकल सोसायटी एण्ड कन्सलटेंसी की ओर से एक नवंबर (रविवार) से नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य शुरू किया जाएगा। कंपनी के निदेशक रवि रंजन कुमार हैं, जबकि मुरली गिरी को प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई व्यवस्था के तहत नगर पंचायत के सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई के साथ कचरा उठाव का कार्य कराया जाएगा। निजी कंपनी के जिम्मेदारी संभालने से नगर क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होने और लोगों को गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पुरी ने बताया कि एक नवंबर से सफाई व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी संबंधित निजी कंपनी संभालेगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना प्राथमिकता है। सफाई कार्य की नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो और नगरवासियों को बेहतर सुविधा मिल सके ।बतादे कि अब तक यह कार्य नगर पंचायत के स्तर से होता था।

सियार ने काटकर युवक को किया घायल

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नम्बर पांच के 16 वर्षीय छोटू कुमार पिता लक्ष्मण राम को दिन रविवार को शाम चार बजे दहगनवा पोखरा के समीप खर काटने के क्रम मे पीछे से अचानक हमला कर दिया। वहीं छोटू कुमार ने अपनी आपबीति बताते हुए कहा कि हमला के दौरान मैंने अपने आपको बचाते हुए उसको खदेड़ा फिर भी सियार ने मेरे दोनों हाथो मे काट दिया। इसी प्रकार लगभग दो महीने पहले इसी क्षेत्र मे तीन लोगो को सियार ने जख्मी कर दिया था इस घटना को सुनते ही पुरे गांव मे दहशत फ़ैल गया है लोगो का कहना है कि सियारों का आतंक बढ़ गया है।

वैज्ञानिक तरीके से गन्ने की खेती करने से बढ़ेगी पैदावार

चार फीट की दूरी पर बुवाई करने की दी गयी सलाह

बगहा (आससे)। बगहा -दो प्रखंड अंतर्गत देवरिया तरूअनवा पंचायत के तरूअनवा गांव में गन्ना उद्योग विभाग और तिरुपति चीनी मिल बगहा के सहयोग से गन्ना किसानों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसमें किसानों को गन्ने की उन्नत खेती, वैज्ञानिक तरीके से बुवाई, बीज चयन और अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवरिया तरूअनवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं जदयू अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार ओझहिया ने की। वहीं कार्यक्रम का संचालन मिट्टी जांच पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने किया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में गन्ना विभाग के सहायक निदेशक अभय कुमार उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में तिरुपति चीनी मिल बगहा के एजीएम एनपी सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार और क्षेत्रीय गन्ना विकास पदाधिकारी शशिकांत शर्मा शामिल हुए ।इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार ने किसानों को गन्ने की वैज्ञानिक खेती और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने खेती में उन्नत तकनीक अपनाने, उचित देखभाल करने तथा वैज्ञानिक पद्धति से गन्ने की खेती करने के महत्व पर प्रकाश डाला ।तिरुपति चीनी मिल के एजीएम एनपी सिंह ने अक्टूबर माह में गन्ने की बुवाई की प्रक्रिया, बीज के चयन और खेत में गन्ना लगाने के उचित तरीके की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को चार फीट की दूरी पर गन्ने की बुवाई करने की सलाह दी। ताकि पौधों को पर्याप्त जगह मिल सके और बेहतर पैदावार प्राप्त हो।

विद्यालय में हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर पांच के बलुआ देवराय गांव मे स्तिथ राजकीय बुनियादी विद्यालय मे दिन शनिवार को ग्यारह बजे से शिक्षक और अभिभावक के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इस आयोजन मे बच्चो के शिक्षा को लेकर विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों के मध्य चर्चा किया गया इसी बीच बच्चो के अभिभावकों को शिक्षकों ने स्वच्छता को लेकर ध्यान आकर्षण किया और बताया कि अभिभावक अपने अपने बच्चे के साफ सफाई पर ध्यान दे और अपने घरों के आप पास मे साफ सफाई और स्वच्छ वातावरण पर ध्यान दे 7 वही विद्यालय के एचएम हीरालाल ।

सत्यम सुधा केंद्र का भव्य उद्घाटन

बगहा (आससे)। बगहा दो प्रखंड के अंतर्गत मर्जादपुर गांव में स्थित 'सत्यम सुधा केंद्र' (ग्राहक सेवा केंद्र) का आज एक भव्य समारोह के दौरान धूमधाम से उद्घाटन किया गया। यह केंद्र क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन 'मर्जादपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि.' के तत्वावधान में किया गया था। सत्यम सुधा केंद्र (मर्जादपुर ग्राहक सेवा केंद्र) का उद्घाटन बैरागी सोनबरसा पंचायत के मुखिया सूरज सिंह एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पैकवालिया मर्जादपुर पंचायत के मुखिया अनिल सिंह भी मौके पर मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। समारोह के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, जिला



दुग्ध अधिकारी, बेतिया कपिल देव प्रसाद यादव ने कहा, 'यह केंद्र क्षेत्र के दूध उत्पादकों को उनके दूध का सही मूल्य और उचित तकनीक प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।' वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष श्री शम्भू यादव और सचिव श्री हरिश्चंद्र यादव ने उपस्थित किसानों को केंद्र की विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'सत्यम सुधा केंद्र' न केवल दूध का उचित मूल्य सुनिश्चित करेगा, बल्कि पशुपालकों के लिए उन्नत पशु आहार, तकनीकी ज्ञान और अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। केंद्र की मुख्य सेवाएं- दूध की माप और गुणवत्ता की जांच। उचित और पारदर्शी मूल्य निर्धारण। उन्नत पशु आहार की उपलब्धता। पशु स्वास्थ्य और प्रबंधन पर तकनीकी मार्गदर्शन। सरकारी योजनाओं की जानकारी और सुगम पहुंच। कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस केंद्र की स्थापना को एक सकारात्मक और ऐतिहासिक पहल बताया तथा समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी। इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र में दूध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है ।उपस्थित लोगों को जन प्रतिनिधियों ने धन्यवाद दिया है।

4 लीटर देसी शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकिनगर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए लगभग 4लीटर देसी चुलाई शराब के एक महिला कारोबारी को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शराब और शराब कारोबारियों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान में निकले पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के हरैया कोट निवासी रुक्मणी देवी पति विजय कुशवाहा अपने घर से शराब का कारोबार करती है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी की गई।

नशामुक्त समाज के निर्माण में जीविका दीदियों की पहल

ब्रह्मकुमारी संस्थान ने भी बढ़ाया सहयोग का हाथ

बेतिया। बिहार में वर्ष 2016 से शराबबंदी कानून लागू होने के साथ ही जीविका दीदियां नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस वर्ष भी इस मुहिम को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए जीविका दीदियाँ पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ जुटी हुई हैं। इस बार अभियान का दायरा केवल शराबबंदी तक सीमित न रहकर पूर्ण नशामुक्ति पर केंद्रित है। इसी क्रम में आज से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया एवं बगहा प्रखंड के सभी संकुल स्तरीय संघों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी, जनजागरूकता रैली, रंगोली निर्माण एवं सामूहिक शपथ ग्रहण जैसे आयोजन किए गए। जीविका दीदियों

योग, ध्यान और जनजागरूकता से नशामुक्ति का संदेश

ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, बच्चों, युवाओं तथा आस-पड़ोस के पुरुषों एवं महिलाओं को भी नशे से दूर रखने का संकल्प लिया। इस अभियान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंडों में विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है.संस्था के प्रतिनिधियों ने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए बताया कि योग, ध्यान एवं आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाने से व्यक्ति में आत्मसंयम, सकारात्मक सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति का विकास होता है। इससे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर उपस्थित जीविका दीदियों को योग एवं ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री आर. के. निखिल ने कहा कि इस बार का अभियान केवल शराबबंदी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य पूर्ण नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

गोबरहिया वार्ड-06 में आशा कार्यकर्ता के चयन पर उठे सवाल,आम सभा नहीं कराने का आरोप

मधुबनी (पश्चिम चंपारण)। मधुबनी प्रखंड के गोबरहिया पंचायत के वार्ड संख्या-06 में आशा कार्यकर्ता के चयन को लेकर अनियमितता का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में वार्ड सदस्य की ओर बीडीओ को आवेदन देकर मामले की जांच कराने की मांग की गई है ।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वार्ड संख्या-06 में आशा कार्यकर्ता का चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नहीं किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि चयन से पहले आमसभा आयोजित नहीं की गई और न ही ग्रामीणों की सहमति लेने की प्रक्रिया पूरी की गई। आरोप है कि कथित तौर पर गुपचुप तरीके से आशा कार्यकर्ता का चयन कर लिया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है ।शिकायतकर्ता ने संबंधित अधिकारी प्रभारी एवं बीसीएम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है ।शिकायतकर्त वार्ड सदस्या सरोज देवी एवं ग्रामीण मनोज साह, वकिल अंसारी, अशोक कुमार, चंदेश्वर गौतम, राजबलम कुमार इस संबंध में मधुबनी बीडीओ कुंदन कुमार।

वैगनआर कार से शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

मझौलिया (संवाद सूत्र)। मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक शराब कारोबारी को वैगनआर कार और विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है ।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति वैगनआर कार से विदेशी शराब लेकर क्षेत्र में पहुंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मझौलिया थाना कांड संख्या 897/26, दिनांक 29 अक्टूबर 2026 के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मंटू कुमार साह (करीब 27 वर्ष), पिता मंगल साह, निवासी सोफवा, नरकटियागंज, थाना शिकारपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे विरवा पोखरा से वैगनआर कार के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान कार से 750 एमएल की एक बोतल मैकडॉवेल्स रम विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 ए जेड 7147 बताया गया है ।थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद मेडिकल जांच कराकर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

किशोरी की अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

नौतन। स्थानीय पुलिस ने अपहरण मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बैरिया थाना क्षेत्र के बढैया टोला निवासी नंदलाल सहनी बताया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि उक्त आरोपी के उपर स्थानीय थाने में अपहरण मामले में कांड संख्या 321/26 दर्ज है ।वह पुलिस से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुजहां में गंडक नदी का कटाव जारी

बैरिया(आससे)। बैरिया। प्रखंड क्षेत्र की उत्तरी पटजीरवा पंचायत स्थित पुजहां गंडक नदी घाट पर नदी का कटाव लगातार जारी है। कटाव की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे स्थानीय ग्रामीणों और किसानों में भय के साथ आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण नौशाद आलम, प्रेम कुमार यादव,गुड्डु कुशवाहा ,मुन्ना कुमार, आदी का कहना है कि बीते सप्ताह विधानसभा प्रतिनिधि नीरज कुमार उर्फ बबलू ने कटाव स्थल का जायजा लिया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया है। किसानों को अपनी जमीन और फसलों की चिंता सताने लगी है। उनका कहना है कि यदि कटाव इसी तरह जारी रहा तो जल्द ही चंपारण तटबंध भी इसकी चपेट में आ सकता है। ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब कटावरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसलिए उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।